# विशेष रिपोर्ट

# एनर्जी


( मार्च 2023 )



smc


Moneywise. Be wise.

## फरवरी 2023 में एनर्जी की कीमतों में बदलाव (% में)




स्रोतः रायटर्स एवं एसएमसी रिसर्च

## जनवरी-फरवरी 2023 में एनर्जी की कीमतों में बदलाव (% में)




स्रोतः रायटर्स एवं एसएमसी रिसर्च

फरवरी में, कच्चे तेल की कीमतें गिरावट के साथ बंद हुई क्योंकि वैश्विक आर्थिक विकास के बारे में लगातार चिंता और अमेरिकी ब्याज दरों में बढ़ोतरी के कारण दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में ईंधन की खपत कम होने की आशंका चीन में मजबूत आर्थिक रिकवरी की संभावना और सप्लाई में नियंत्रण पर भारी पड़ी। देश में धीमी खपत के बीच लगातार दसवें सप्ताह अमेरिकी कच्चे तेल के भंडार में अनुमान से अधिक वृद्धि के कारण भी रूसी आपूर्ति में भारी कटौती की संभावना को पीछे छोड़ दिया। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि 24 फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान लगातार 10वें सप्ताह में अमेरिकी कच्चे तेल का भंडार 1.165 मिलियन बैरल बढ़ गया, लेकिन चार सप्ताह में सबसे कम बढ़ोतरी हुई है। रॉयटर्स के सूत्रों के अनुसार कम ढुलाई लागत और बढ़ती मांग के कारण रूस के पश्चिमी बंदरगाहों से चीन को कच्चे तेल का निर्यात फरवरी में पिछले महीने से बढ़ा।

**आउटलुक**

- वैश्विक मंदी, उच्च मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में बढ़ोतरी और साथ ही मौजूदा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों की आशंकाओं के कारण तेल की कीमतों में अस्थिरता जारी रह सकती है।
- रूस तेल उत्पादन में 500,000 बैरल/दिन की कटौती करने और अपने पश्चिमी बंदरगाहों से तेल निर्यात को 25% तक कम करने के लिए तैयार है, क्योंकि बढ़ते पश्चिमी प्रतिबंधों से इसके राजस्व में कमी आ रही है। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल निर्यातक चीन और भारत जैसे देशों को कच्चे तेल के साथ-साथ रिफाइंड उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, जिन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर मास्को पर कोई प्रतिबंध नही लगाया है।
- यूरोपीय संघ ने रूसी समुद्री तेल आयात पर प्रतिबंध लगाया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मूल्य सीमा का समग्र वैश्विक आपूर्ति पर बहुत कम प्रभाव पड़ा है।
- ओपेक+ को अपना उत्पादन बढ़ाने को लेकर कोई जल्दी नहीं है और 2023 के अंत में ही अपने रुख में बदलाव कर सकता है, अगर तेल की मांग बढ़ती है।
- ऊर्जा सूचना प्रशासन (ईआईए) के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकी कच्चे तेल का उत्पादन दिसंबर में कम होकर 12.10 मिलियन बैरल प्रति दिन रह गया, जो अगस्त 2022 के बाद सबसे कम है।
- वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की किसी भी कमी को अमेरिकी शेल उत्पादकों द्वारा भरने की संभावना नहीं है, क्योंकि बेकर ह्यूजेस के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि अमेरिकी तेल रिगों की संख्या में लगातार दूसरे सप्ताह सात की गिरावट आई है और कुल रिग संख्या 600 रह गई है।
- सर्वेक्षण में पाया गया है कि पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) ने फरवरी महीने 28.97 मिलियन बैरल प्रति दिन तेल का उत्पादन किया है, जो जनवरी से 150,000 बैरल प्रति दिन अधिक है। सितंबर से उत्पादन अभी भी 700,000 बैरल प्रति दिन कम है।
- चीन में, सेवा क्षेत्र की गतिविधि फरवरी में छह महीने में सबसे तेज गति से बढ़ी और चीन में मैनुफैक्चरिंग गतिविधि भी बढ़ी। चीन द्वारा रूसी तेल का समुद्री आयात इस महीने रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचने की संभावना है।
- दुनिया का शीर्ष तेल आयातक अपने 2023 के विकास लक्ष्य के साथ तेजी से महत्वाकांक्षी होता जा रहा है, जिसका लक्ष्य 6% तक है।

**एमसीएक्स में कच्चे तेल की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव**



स्रोत: रॉयटर्स

**नाइमेक्स में कच्चे तेल की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव**



स्रोत: रॉयटर्स

**मार्च 2023 में, कच्चे तेल की कीमतें 5800-6500 के दायरे में उठापटक के साथ कारोबार कर सकती हैं, जहां निकट सपोर्ट स्तर पर खरीदना और रेजिस्टेंस पर बिकवाली करना बेहतर रणनीति होगी ।**

### नेचुरल गैस

फरवरी में, नाइमेक्स पर नेचुरल गैस की कीमतों में 2.5% से अधिक की वृद्धि हुई, क्योंकि शुष्क गैस के उत्पादन में 97.5 बिलियन क्यूबिक फीट प्रति दिन की गिरावट के कारण कीमतों को मदद मिली, जो फरवरी की शुरुआत में 100 बिलियन क्यूबिक फीट से अधिक थी। यह भी अनुमान लगाया गया है कि मार्च की शुरुआत में सामान्य से अधिक ठंडे मौसम की स्थिति के कारण अगले दो हफ्तों में अमेरिकी हीटिंग मांग में वृद्धि एक सहायक कारक रही है। अमेरिकी लिक्वीफॉयड नेचुरल गैस (एलएनजी) के निर्यात में उछाल और गैस भंडारण से उम्मीद से अधिक साप्ताहिक निकासी के कारण भी कीमतों को मदद मिली। मार्च 2022 में निर्धारित 12.9 बिलियन क्यूबिक फीट प्रति दिन के मासिक रिकॉर्ड की तुलना में फरवरी में सात बड़े अमेरिकी एलएनजी निर्यात संयंत्रों में प्रवाहित होने वाली गैस की मात्रा जनवरी में 12.3 बिलियन क्यूबिक फीट प्रति दिन से बढ़कर फरवरी में 12.8 बिलियन क्यूबिक फीट प्रति दिन हो गई। लेकिन रुपये में गिरावट के कारण एमसीएक्स पर कीमतों में निचले स्तर से रिकवरी हुई लेकिन बढ़त के साथ बंद होने में सफल नहीं हई।

### आउटलुक

- ईआईए की मासिक उत्पादन रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के निचले 48 राज्यों में नेचुरल गैस का सकल उत्पादन नवंबर में रिकॉर्ड 112.3 बिलियन क्यूबिक फीट प्रति दिन से दिसंबर में 3.1 बिलियन क्यूबिक फीट प्रति दिनघटकर 109.2 बिलियन क्यूबिक फीट प्रति दिन रह गया है।
- अमेरिकी गैस की मांग अगले सप्ताह कम होने की उम्मीद है क्योंकि बिजली जनरेटर बिजली का उत्पादन करने के लिए कम गैस जलाएंगे, भले ही ठंड का मौसम 17 मार्च तक रहने का अनुमान है।
- अमेरिकी एलएनजी निर्यात संयंत्रों में प्रवाहित होने वाली कुल गैस मार्च में अब तक बढ़कर 13.4 बिलियन क्यूबिक फीट प्रति दिन हो गई है, जो फरवरी में 12.8 बिलियन क्यूबिक फीट प्रति दिन थी। इसकी तुलना में फ्रीपोर्ट एलएनजी सुविधा के बंद होने से पहले मार्च 2022 में रिकॉर्ड 12.9 बिलियन क्यूबिक फीट प्रति दिन हुई थी।
- मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि निचले 48 राज्यों में मौसम 18 मार्च तक सामान्य से अधिक ठंडा रहेगा।

**एमसीएक्स में नेचुरल गैस की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव**



स्रोत: रॉयटर्स

**नाइमेक्स में नेचुरल गैस की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव**



स्रोत: रॉयटर्स

**एमसीएक्स में नेचुरल गैस की कीमतें उच्च अस्थिरता के साथ कारोबार कर सकती हैं। कीमतों को 280 पर रेजिस्टेंस है । सपोर्ट 160 के करीब देखा जा रहा है।**

Moneywise. Be wise.

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4, 5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।

एनर्जी